राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(3)गृह–1/2023 (12994) पार्ट (2)   जयपुर, दिनांक :

<u>आदेश</u>

राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृखला की वर्ष 2023–24 की नियमिति विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय श्री बाबूलाल मीणा/रामेश्वर लाल (एसटी), आरपीएस के विरूद्व ज्ञापन दिनांक 28.07.2022 के द्वारा अन्तर्गत नियम 17 सीसीए में आरोप–पत्र जारी किये जाने के कारण श्री मीणा की पदोन्नति की अभिशंषा को सील्ड कवर में रखा गया।

श्री बाबूलाल मीणा/रामेश्वर लाल, आरपीएस को उक्त विभागीय जांच में महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर के आदेश दिनांक 27.05.2024 के द्वारा इनके विरूद्व अधिरोपित आरोप से दोषमुक्त किया गया है।

अतः राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2023–24 की दिनांक 24.01.2024 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्री बाबूलाल मीणा/रामेश्वर लाल (एसटी), आरपीएस को राजस्थान पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृंखला के पद पर वर्ष 2023–24 में दिनांक 01.04.2023 की रिक्ति के प्रति एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है। श्री बाबूलाल मीणा/रामेश्वर लाल की वरिष्ठता श्री हरिचरण मीणा/जसराम मीणा, (एसटी) के नीचे निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्री बाबूलाल मीणा/रामेश्वर लाल अग्रिम आदेशों तक अपने वर्तमान पद पर यथावत कार्य करते रहेंगे तथा श्री मीणा को रिक्ति दिनांक 01.04.2023 से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(कश्मी कौर)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

RajKaj Ref
8251928

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।
0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324 Email : home.police@rajasthan.gov.in

D:/JHALA 2022/ACP/Latter

Signature Not Verified
Digitally Signed by Kashmi Kaur Raan
Designation : Joint Secretary To Government
Date :24-06-2024 01:16:42